समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# West Bengal मे नंई सरकार का गठन : 9 मई को शपथ, मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेसं बरकरार

Sanket Morankar
Published on 05 May 2026



West Bengal में विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए 206 सीटों पर कब्जा जमाया है, जबकि Mamata Banerjee की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (TMC) 80 सीटों पर सिमट गई है।

हालांकि, इतनी बड़ी जीत के बावजूद भाजपा ने अभी तक मुख्यमंत्री पद के लिए आधिकारिक नाम घोषित नहीं किया है। इसी बीच बड़ी जानकारी सामने आई है कि राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री पद के लिए नाम लगभग तय माना जा रहा है, लेकिन पार्टी नेतृत्व की ओर से औपचारिक घोषणा बाकी है। राजनीतिक गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा Suvendu Adhikari के नाम की हो रही है, जिन्होंने चुनाव में ममता बनर्जी को कड़ी टक्कर देते हुए बड़ी जीत हासिल की है।

दिलचस्प बात यह है कि 9 मई को Rabindranath Tagore की जयंती भी है, और उसी दिन नए मुख्यमंत्री के शपथ लेने की संभावना जताई जा रही है। भाजपा नेतृत्व इस दिन को ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण मान रहा है।

प्रधानमंत्री Narendra Modi ने इस जीत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया है और इसे जनता के विश्वास की जीत बताया है।

अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि भाजपा आखिर किस नेता को पश्चिम बंगाल की कमान सौंपती है। आने वाले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री के नाम की आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है, जिससे राज्य की राजनीति में नया अध्याय शुरू होगा।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.